The

# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

24 - 08– 2023

Thursday



### 1. महाराष्ट्र सरकार ने उद्योगपति Ratan Tata को किया 'उद्योग रत्न' से सम्मानित।



महाराष्ट्र सरकार ने टाटा समूह के चेयरमैन रहे रतन टाटा को उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे अपने दोनों डिप्टी सीएम अजीत पवार और देवेंद्र फड़नवीस के साथ रतन टाटा के आवास पर पहुंचे और उन्हें पहला उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। सीएम शिंदे ने बताया कि उद्योग रत्न पुरस्कार महाराष्ट्र सरकार द्वारा पहली बार शुरू किया गया है। रतन टाटा और टाटा ग्रुप का देश के लिए योगदान बहुत बड़ा है। महाराष्ट्र सरकार ने पिछले 28 जुलाई को महाराष्ट्र उद्योग रत्न पुरस्कार रतन टाटा को देने की घोषणा की थी। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बताया कि यह पुरस्कार महाराष्ट्र में काम करने वाले इंडस्ट्रियलिस्ट को दिया जाएगा। युवा और महिला उद्यमियों की हौसलाअफजाई के लिए सरकार ने पुरस्कार देने का फैसला किया है। रतन टाटा अपनी सादगी के लिए भी मशहूर हैं। रतन टाटा ने 1991 में टाटा ग्रुप की कमान संभाली थी। इसके बाद उन्होंने अपने कारोबारी फैसलों से टाटा समूह को कई देशों तक पहुंचा दिया। ऑटोमोबाइल के अलावा संचार,केमिकल सेक्टर में टाटा समूह का दखल बढ़ा। वह 2012 तक टाटा सन्स के चेयरमैन रहे। रतन टाटा को 2000 में पद्म भूषण और 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### 2. Chandrayaan 3 : भारत ने अंतरिक्ष में रचा इतिहास, चांद के साउथ पोल पर उतरा विक्रम लैंडर



भारत का चंद्रयान-3 चांद पर उतर गया है। लैंडर मॉड्यूल के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरते ही भारत ने इतिहास रच दिया। ऐसे में लैंडिंग सफल होते ही बेंगलुरु स्थित ISRO के मिशंस ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स में बैठे वैज्ञानिकों समेत पूरा देश खुशी से झूम उठा। लैंडिंग के बाद लैंडर विक्रम के पेट से रोवर प्रज्ञान (Pragyan Rover) बाहर निकलेगा। दोनों मिलकर चांद के साउथ पोल का हाल बताएंगे। चंद्रयान-3 मिशन भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए बेहद अहम है। चंद्रयान-3 के चांद के पास पहुंचने के साथ ही भारत का नाम भी इतिहास के पन्नों में कैद हो गया है। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) का सपना भी इसी के साथ पूरा हो गया। 14 जुलाई को चंद्रयान-3 के लॉन्च होने के बाद से ही ये यात्रा जारी थी। पूरी दुनिया को इस दिन का बेसब्री से इंतजार था। चंद्रयान ने 5.45 बजे करीब रफ लैंडिंग शुरू की और ग्रीन सिग्नल बता रहे थे कि वो सही दिशा में है। चार चरणों में उसकी स्पीड धीरे-धीरे कम की गई, उस वक्त वो करीब 30 किलोमीटर और पहले चार मिनट में पहला फेज पूरा करते हुए उसे नीचे लाया गया। सेकेंड फेज में उसकी स्पीड, ऊंचाई को और कम किया गया। तीसरे चरण में स्पीड को बेहद कम किया गया और उसे चंद्रमा की सतह पर उतरने के लिए निर्णायक तरीके से काम किया गया।

### 3. BRO ने शुरू किया दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का निर्माण



भारत के बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यह सड़क लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में बनाई जा रही है। 'लिकरू-मिग ला-फुकचे' नामक यह रणनीतिक सड़क 19,400 फीट की ऊंचाई से होकर गुजरेगी और उमलिंग ला दर्रा को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क बन जाएगी। यह सड़क वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से महज तीन किलोमीटर दूर है। सड़क निर्माण की कमान महिला इंजीनियरों की पांच सदस्यीय टीम कर्नल पोनुंग डोमिंग के नेतृत्व में संभाल रही हैं। बता दें, नई सड़क अपने उच्चतम बिंदु पर 19,400 फीट की ऊंचाई पर जाएगी। तैयार

होने पर यह सड़क उमलिंग ला दर्रे को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क होगी। दुनिया की मौजूदा सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क का निर्माण भी बीआरओ ने ही किया है। गौरतलब हो, दो साल पहले बीआरओ ने 19,024 फीट की ऊंचाई पर लद्दाख के उमलिंग ला में दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क का निर्माण और ब्लैकटॉपिंग करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जिसे वह खुद तोड़ने को तैयार है। खास बात यह है कि लिकारू-मिग ला-फुकचे सड़क का निर्माण बीआरओ की एक महिला इकाई ने शुरू किया है। महिला इंजीनियरों की पांच सदस्यीय टीम की कमान कर्नल पोनुंग डोमिंग संभाल रही हैं, जो सड़क निर्माण की निगरानी कर रही है। लिकारू-मिग ला-फुकचे सड़क का निर्माण ऐसे समय में शुरू हुआ, जब लड़ाकू अभियानों का समर्थन करने के लिए लद्दाख में न्योमा उन्नत लैंडिंग ग्राउंड को अपग्रेड किया जा रहा है।

### 4. सचिन तेंदुलकर बने चुनाव आयोग के 'नेशनल आइकन'



सचिन तेंदुलकर की जिम्मेदारी ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की होगी। सचिन पूरे देश में लोकप्रिय हैं और उनकी अपील पर बड़ी संख्या में लोग मतदान के लिए प्रेरित होंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को चुनाव आयोग का नेशनल आइकन बनाया गया है। सचिन की जिम्मेदारी ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की होगी। राष्ट्रीय चुनाव आयोग के प्रमुख राजीव कुमार की मौजूदगी में सचिन को दिल्ली में यह नई जिम्मेदारी दी गई। दिल्ली में तेंदुलकर और चुनाव पैनल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। तीन साल के समझौते के तहत तेंदुलकर मतदाताओं में जागरूकता फैलाएंगे। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय चुनाव आयोग पूरे जोर शोर से जुटा हुआ है। चुनाव आयोग की ओर से वोटरों को ज्यादा से ज्यादा रिझाने और उनको प्रोत्साहित करने के लिए यह फैसला लिया गया है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा, "यह सहयोग आगामी चुनावों, विशेष रूप से आम चुनावों (लोकसभा) 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए युवाओं के बीच तेंदुलकर के अद्वितीय प्रभाव का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।"

### 5. अडानी पोर्टफोलियो का शानदार प्रदर्शन, Q1 FY24 में EBITDA 42% बढ़कर 23,532 करोड़ हुआ




अदानी समूह के पोर्टफोलियो ने 23,532 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च तिमाही लाभ (ईबीआईटीडीए) के साथ एक और उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया, जो साल-दर-साल 42% अधिक है। सूचीबद्ध कंपनियों के पोर्टफोलियो के लिए जून तिमाही FY24 के नतीजों का सार-संग्रह जारी किया गया। कोर इंफ्रास्ट्रक्चर और यूटिलिटी प्लेटफॉर्म, जो स्थिर और सुनिश्चित नकदी प्रवाह उत्पन्न करता है, कुल पोर्टफोलियो EBITDA का 86% हिस्सा था और INR 20,233 करोड़ था। यह उच्च स्तर की स्थिरता और बहु-दशक आय की भविष्यवाणी और दृश्यता प्रदान करता है। मजबूत मुनाफे के परिणामस्वरूप पोर्टफोलियो को बहुत मजबूत तरलता की स्थिति प्राप्त हुई है। जून 2023 के अंत में नकद शेष 42,115 करोड़ रुपये था, जो एक तिमाही पहले की तुलना में 4.2% अधिक है। अडानी एंटरप्राइजेज के तहत इनक्यूबेशन स्टोरी की सफलता जारी रही। प्रमुख इन्क्यूबेटरों के तहत हवाई अड्डों, हरित हाइड्रोजन और अन्य व्यवसायों ने साल-दर-साल अपना मुनाफा लगभग दोगुना देखा। 1718 करोड़ रुपये के EBITDA के साथ, इन व्यवसायों ने पोर्टफोलियो EBITDA में 7% का योगदान दिया। मजबूत पोर्टफोलियो प्रदर्शन मुख्य रूप से अदानी ग्रीन के तहत नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय, अदानी एंटरप्राइजेज के तहत बुनियादी ढांचा व्यवसायों और अदानी सीमेंट के तहत सीमेंट व्यवसायों द्वारा संचालित था। अदानी ग्रीन ने 2,200 करोड़ रुपये का EBITDA दर्ज किया, जो साल-दर-साल 67% की वृद्धि है।

**6. सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजधानी में खेल कोटे से यूपी पुलिस में सिपाही बने 233 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया।**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजधानी में खेल कोटे से यूपी पुलिस में सिपाही बने 233 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य और उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार का हिस्सा बनने के लिए बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि भारत में उत्तर प्रदेश की छवि बदल गई है। जो व्यक्ति यहां कभी नहीं आया वो भी यहां की पुलिस पर भरोसा करता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी नीति आयोग के आंकड़ों में यूपी को निवेश के मामले में अव्वल बताया गया है और ये यहां बीते 6 वर्षों में बने सुरक्षा के माहौल के चलते ही संभव हो सका है। सीएम योगी ने कहा कि इस नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कुशल खिलाड़ियों के साथ देश के अलग-अलग राज्यों से भी कुशल खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाया जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत का वह भाग है जिसके तहत खिलाड़ी की उन भावनाओं को सम्मान देना है जो अपने लिए नहीं, देश के लिए खेलता है। पूरे देश से वह उम्मीद भी रखता है कि पूरा देश उसके बारे में सोंचे। यह पहली बार नहीं है, याद कीजिए टोक्यो ओलंपिक या पैरालंपिक में जिन खिलाड़ियों ने देश के लिए मेडल जीते थे, वे चाहे देश में किसी भी राज्य के हों, उन सभी को हमने सम्मान दिया था और नकद राशि भी उपलब्ध कराई थी।

**7. जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक का 49 की उम्र में निधन**




जिंबाब्वे के महान क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक (Heath Streak Dies) का निधन हो गया है। स्ट्रीक के पूर्व साथियों के मुताबिक, जिंबाब्वे के पूर्व कप्तान लंबे समय से कैंसर से लड़ाई लड़ रहे थे। स्ट्रीक जिंबाब्वे के सर्वकालिक दिग्गज क्रिकेटरों में शुमार थे। दिग्गज ऑलराउंडर हीथ स्ट्रीक का 49 साल की उम्र में 22 अगस्त को निधन हो गया। स्ट्रीक ने जिम्बाब्वे के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 65 टेस्ट और 189 वनडे मैच खेले हैं। स्ट्रीक को कोलन और लिवर कैंसर था। उनका इलाज साउथ अफ्रीका में चल रहा था। स्ट्रीक 1997 से 2002 के बीच जिम्बाब्वे के क्रिकेटरों की स्वर्णिम पीढ़ी का हिस्सा थे। एक दशक से अधिक के करियर में उन्होंने दोनों फॉर्मेट में कुल 4,933 रन बनाए। जबकि इस शानदार सफर के दौरान 455 विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने 16 बार एक पारी में 4 विकेट, जबकि 7 बार एक पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। वनडे क्रिकेट में भी हीथ स्ट्रीक का गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। जिम्बाब्वे बोर्ड के साथ टकराव के बाद 2004 में इस्तीफा देने से पहले स्ट्रीक ने 2000 के दशक में देश का नेतृत्व किया था। साल 2000 में जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने हीथ स्ट्रीक को टेस्ट और वनडे दोनों टीमों का कप्तान नियुक्त किया था।

**8. YES बैंक ने लॉन्च किया ऑल-इन-वन 'IRIS' मोबाइल ऐप**



भारत के डिजिटल बैंकिंग परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, YES बैंक द्वारा IRIS पेश किया है। यह नवोन्मेषी ऐप सुविधा, दक्षता और वैयक्तिकरण का एक अद्वितीय संयोजन पेश करते हुए ग्राहकों के अपने वित्तीय संस्थानों के साथ जुड़ने के तरीके को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। एक बटन के दबाने पर 100 से अधिक सुविधाओं और सेवाओं के साथ, YES बैंक द्वारा आईरिस डिजिटल बैंकिंग में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करता है। मौजूदा और नए दोनों ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया, YES बैंक द्वारा आईआरआईएस बैंकिंग सुविधा के एक नए युग की शुरुआत करता है। ऐप का सहज उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस एक सरल बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है जो सभी आयु समूहों और पृष्ठभूमि के उपयोगकर्ताओं को पसंद आता है। अपने उपयोगकर्ता के अनुकूल डिज़ाइन के अलावा, ऐप अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, सिम-बाइंडिंग और 2-कारक सत्यापन प्रणाली शामिल है, जो ग्राहकों के वित्तीय डेटा के लिए अत्यधिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है। YES बैंक द्वारा आईरिस का एक मुख्य आकर्षण इसकी सह-निर्माण प्रक्रिया है। येस बैंक के ग्राहकों की बहुमूल्य प्रतिक्रिया के आधार पर, ऐप बैंक और उसके ग्राहकों के बीच सहयोग का एक उत्पाद है। बैंक और उसके ग्राहकों के बीच यह सहजीवी संबंध देश के भीतर डिजिटल रूप से सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए यस बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## QUIZ

**1. हाल ही में 'धर्म या विश्वास के आधार पर हिंसा के कृतियों के पीड़ितों की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया गया है?**

**A- 20 अगस्त**

**B- 22 अगस्त**

**C- 21 अगस्त**

**D- 19 अगस्त**

**संयुक्त राष्ट्र हर वर्ष 22 अगस्त को 'धर्म या मत के आधार पर हिंसक कृत्यों पीड़ितों की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय दिवस' मनाता है। यह दिन धार्मिक हिंसा या विश्वास के आधार पर, धार्मिक अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों सहित, हिंसा और आतंकवाद को लक्षित करने वाले कार्यों की कड़ी निंदा करने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य हिंसा से पीड़ितों का प्रचार- प्रसार करना और लोगो को हिंसा से पीड़ितों के प्रति जागरूक करना है। जिससे विश्व के लोग हिंसा से पीड़ितों की और ध्यान दें, और इसका सम्मान कर सके। इसीलिए विश्व में 22 अगस्त को धर्म या विश्वास के आधार पर हिंसा के कृत्यों के पीड़ितों की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है।**

**2. हाल ही में क्रिकेटर को कलेक्शन कमीशन द्वारा नेशनल आइकॉन के रूप में नामित किया है?**

**A- सचिन तेंदुलकर**

**B- महेंद्र सिंह धोनी**

**C- विराट कोहली**

**D- कोई नहीं**

**सचिन तेंदुलकर की जिम्मेदारी ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की होगी। सचिन पूरे देश में लोकप्रिय हैं और उनकी अपील पर बड़ी संख्या में लोग मतदान के लिए प्रेरित होंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को चुनाव आयोग का नेशनल आइकन बनाया गया है। सचिन की जिम्मेदारी ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की होगी। राष्ट्रीय चुनाव आयोग के प्रमुख राजीव कुमार की मौजूदगी में सचिन को दिल्ली में यह नई जिम्मेदारी दी गई। दिल्ली में तेंदुलकर और चुनाव पैनल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। तीन साल के समझौते के तहत तेंदुलकर मतदाताओं में जागरूकता फैलाएंगे।**

**3. ब्रिक्स समूह का 15वां शिखर सम्मेलन किस देश की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है?**

**A- ब्राजील**

**B- भारत**

**C- चीन**

**D- दक्षिण अफ्रीका**

**दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं - ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के ब्रिक्स समूह का 15वां शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में 22 अगस्त से 24 अगस्त के बीच जोहान्सबर्ग में आयोजित किया जा रहा है. भारत के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी इसमें भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंच चुके है. कोविड-19 महामारी के कारण लगातार तीन वर्षों की वर्चुअल बैठकों के बाद यह पहला व्यक्तिगत ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है. पहली ब्रिस्क समिट वर्ष 2009 में आयोजित की गयी थी. ब्राजील, रूस, भारत और चीन इसके संस्थापक सदस्य हैं.**

**4. नेपाल के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

A- बिशोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ
B- रामबरन यादव
C- पुष्प कमल दहल 'प्रचंड'
D- इनमें से कोई नहीं
नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने बिशोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ (Bishowambhar Prasad Shrestha) को नेपाल का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया. इससे पहले संसदीय सुनवाई समिति ने सर्वसम्मति से इस पद के लिए श्रेष्ठ का समर्थन किया था. बिशोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ की नियुक्ति अगले 14 महीनों के लिए की गयी है.

5. हाल ही में किसने भारत NCAP (भारत न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम = Bharat NCAP) शुरू किया है?
A- नरेंद्र मोदी
B- पीयूष कुमार
C- नितिन गडकरी
D- निर्मला सीतारमण
केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (Bharat NCAP) लॉन्च किया. ये भारत का अपना क्रैश टेस्ट सेफ्टी प्रोग्राम है, जिसके तहत वाहनों का परीक्षण किया जाएगा. इस नए पहल से ग्राहकों के साथ-साथ कार कंपनियों को भी बड़ा आर्थिक लाभ होगा. अब तक ग्लोबल NCAP प्रोग्राम के तहत वाहनों का क्रैश टेस्ट करवाया जाता रहा है. जिसका खर्च प्रति वाहन तकरीबन 2.5 करोड़ रुपये था, जो कि वाहन निर्माताओं को वहन करना पड़ता था. ये प्रक्रिया लंबी और महंगी थी. लेकिन Bharat NCAP प्रोग्राम के तहत वाहनों के क्रैश टेस्ट का खर्च ग्लोबल क्रैश टेस्ट की तुलना में एक चौथाई होगा.

6. हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार किस शहर में मंदिर संग्रहालय बनाएगी?
A- अयोध्या
B- मथुरा
C- वाराणसी
D- कोई नहीं
भारतीय मंदिरों की स्थापत्य विरासत और वैज्ञानिक तत्वों को प्रदर्शित करने के लिए, यूपी सरकार ने अयोध्या में एक मंदिर संग्रहालय बनाने की योजना की घोषणा की है. इस संग्रहालय का उद्देश्य हिंदू मंदिरों के गौरवशाली इतिहास को बताना और लोगों को उनके बारे में जागरूक करना होगा. उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने काम करना शुरू कर दिया है और जल्द ही संग्रहालय के निर्माण के संबंध में एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करेगा. कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय मंदिर वास्तुकला की दृष्टि से अद्वितीय हैं और दुनिया भर के विशेषज्ञों ने इस विषय पर अध्ययन करते हुए भारतीय मंदिरों पर अनगिनत परीक्षण किए हैं और कई शोध साहित्य भी प्रकाशित किए गए हैं.

7. मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ किस राज्य में किया गया है?
A- मध्य प्रदेश
B- उत्तर प्रदेश
C- हिमाचल प्रदेश
D- बिहार
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना (Seekho-Kamao yojna) की शुरुआत की है. इस योजना के तहत 'कौशल विकास के साथ-साथ सीखो और कमाओ' की तर्ज पर नौकरी पर प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जा रही है. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान युवाओं को अनुबंध पत्र बांटकर योजना का शुभारंभ किया.

8. हाल ही में बायकॉम 18 के डिजिटल बिजनेस के नए सीईओ (CEO) कौन बने हैं?
A- नितिन पारणजपे
B- संजय पांडे
C- किरण मणि
D- कोई नहीं
अपने डिजिटल व्यवसाय संचालन को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कदम में, Viacom18 ने Google के एक अनुभवी कार्यकारी किरण मणि का नए सीईओ के रूप में स्वागत किया है। मणि का प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड और व्यापक अनुभव उन्हें Viacom18 के डिजिटल प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए अच्छी स्थिति में रखता है। वर्तमान में एशिया प्रशांत क्षेत्र में एंड्रॉइड और गूगल प्ले के लिए महाप्रबंधक और एमडी के रूप में कार्यरत मणि का गूगल में 13 साल का कार्यकाल डिजिटल बाजारों के बारे में उनकी गहरी समझ को दर्शाता है।

**ONE LINER**

महिला फीफा विश्व कप 2023 का खिताब किसने जीता है – स्पेन
भारत का पहला हैवी लिफ्ट लॉजिस्टिक्स ड्रोन कहाँ लॉन्च किया गया है - ओडिशा

किस राज्य में 'खार्ची पूजा महोत्सव' आयोजित किया गया है - त्रिपुरा

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2023 में भारत कौन से स्थान पर रहा हैं - 85th

हाल ही में 'धर्म या विश्वास के आधार पर हिंसा के कृतियों के पीड़ितों की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया गया है - 22 अगस्त

नेपाल के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया है - बिशोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ

ब्रिक्स समूह का 15वां शिखर सम्मेलन किस देश की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है - दक्षिण अफ्रीका

हाल ही में भारत का पहला बहूउद्देशीय आतिथ्य और कन्वेंशन सेंटर कहां मिलने वाला है – सूरत

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का ब्रांड एम्बेस्डर किसे नियुक्त किया गया है - राहुल द्रविड़

आईसीसी ने की क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए पुरुष और महिला शुभंकरों के रूप में चुना है - यश ढुल और शेफाली वर्मा

केंद्र सरकार ने पशु चिकित्सा और टीकों के लिए किस पोर्टल को लॉन्च किया है - 'नंदी पोर्टल'

The ACHIEVERS IAS ACADEMY